## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारी वाहन आवागमन/प्रतिबंध निषेधाज्ञा में आंशिक संशोधन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा आमजनों की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उर्दना, रामपुर, जिंदल एवं चिराईपाली बेरियर तथा नंदेली तिराहा की ओर आने-जाने वाले भारी वाहनों के प्रवेश को प्रातः 6 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक, दोपहर 1 बजे से अपरान्ह 3 बजे तथा शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित किया गया था। जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। आगामी 30 नवम्बर 2019 तक निषेधाज्ञा आदेश शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्थगित रखने का आदेश जारी किया गया है।

### रायपुर एयरपोर्ट में वाहनों के लिए नई पार्किंग शुल्क तय

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा रायपुर ने आज विमानतल परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए नई पार्किंग शुल्क निर्धारित की है। 28 अक्टूबर से नया नियम लागू हो जायेगा। रायपुर विमानतल परिसर में वाहनों की पार्किंग के नाम पर लोगों से अनाप-शनाप वसूली और दुर्व्यवहार जैसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रायपुर एयरपोर्ट आथरिटी ने अब वाहनों की पार्किंग के लिए नया शुल्क निर्धारित कर दिया है। इसके अनुसार निजी वाहनों के 30 मिनट तक की मौजूदगी पूरी तरह से निःशुल्क होगी, वहीं कमर्शियल गाड़ियां अगर सिर्फ ड्राप करने के लिए एयरपोर्ट परिसर में दाखिल होती है, तो उनसे भी पार्किंग शुल्क वसूला नहीं जाएगा। जबकि पैसेंजर को लेने के लिए आने वाली कमर्शियल गाड़ी से 30 रूपये का मामूली शुल्क लिया जाएगा। पहले ये शुल्क कहीं ज्यादा था, जिसकी वजह से पैसेंजर और उनके साथ आने वाले लोगों की पार्किंग वालों से अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होते रहती थी। नयी व्यवस्था के बाद अब दोपहिया वाहन के लिए पहले 30 मिनट तक के 10 रुपए, 30 मिनट से 2 घंटे के लिए 15 रुपए और 2 घंटे से 7 घंटे तक के लिए 5 रुपए अतिरिक्त और 7 से 24 घंटे के लिए 45 रुपए वसूले जायेंगे। इसी प्रकार चार पहिया के लिए पहले 30 मिनट के लिए 20 रुपए, 30 मिनट से 2 घंटे के लिए 35 रुपए, 2 घंटे से 7 घंटे तक के लिए 10 रुपए अतिरिक्त और 7 घंटे से 24 घंटे तक के लिए 105 रुपए, टैम्पो, एसयूवी और मिनीबस के लिए पहले 30 मिनट तक के 20 रुपए, 30 मिनट से 2 घंटे तक 50 रुपए, 2 से 7 घंटे तक के लिए 10 रुपए अतिरिक्त और 7 से 24 घंटे तक के लिए 150 रुपए चार्ज किया जाएगा। वहीं कोच, बस व ट्रक के पहले 30 मिनट के लिए 20 रुपये, 2 घंटे तक के लिए 50, सात घंटे तक के लिए 10 रुपये एक्स्ट्रा और 24 घंटे के लिए 150 रुपये शुल्क लिया जाएगा।

### प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर हासिल की जीत- डॉ. रमन सिंह

» कांग्रेस सरकार पर लगाया गंभीर आरोप

**रायपुर (आरएनएस)।** चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में हार बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करके कांग्रेस जीती है. वहीं हार की जिम्मेदारी कौन लेगा इस सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा पार्टी में मंथन करेंगे. बता दें कि चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम ने भाजपा प्रत्याशी लच्छुराम कश्यप को 17,862 मतों से पराजित किया है. राजमन के पहले यह सीट कांग्रेस के ही दीपक बैज के पास थी. दीपक बैज के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद उपचुनाव 21 अक्टूबर को संपन्न हुआ था.

### भूपेश बघेल 25 अक्टूबर को नवा रायपुर में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास सहित अन्य आवासीय परिसरों का करेंगे भूमिपूजन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 अक्टूबर को नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-24 में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रीगणों के आवास गृह एवं शासकीय आवासीय परिसर का भूमिपूजन करेंगे। भूमिपूजन समारोह दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत और मंत्री परिषद् के सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई और शुभकामनाएं दी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने धनतेरस की पूर्व संध्या पर अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से दीपोत्सव पर्व की शुरूआत हो जाती है। इस दिन धन,समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। बघेल ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख,समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस का त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए।

# अलग-अलग क्षेत्रों में अवैध फटाके, गांजा व शराब पर पुलिस की कार्यवाही






» दो दुकानों पर रेड में 1 लाख 30 हजार रूपये के फटाके जप्त
» चक्रधरनगर पुलिस की रेड में अंग्रेजी शराब, गांजा तथा कच्ची महुआ शराब जप्त
» गांजा परिवहन के दो प्रकरणों में दो मोटर सायकलों सहित 05 आरोपी गिरफ्तार, करीब 6 किलो गांजा जप्त
» कोतवाली, कोसीर में जुआ एक्ट की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** (1) चौकी खरसिया पुलिस द्वारा नानक राम अम्बवानी पिता कल्लूमल अम्बवानी उम्र 58 वर्ष सा. सिविल लाईन खरसिया को मुखबिर सूचना पर उसके दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। दुकान पर तीन कार्टून में रखा हुआ विभिन्न प्रकार के फटाखें किमती 50,000 रूपये जप्त किया गया है।

(2) चौकी खरसिया द्वारा एक अन्य कार्यवाही स्टेशन रोड पर मनोज कुमार पिता बनवारी लाल अग्रवाल उम्र 40 वर्ष सा. स्टेशन रोड दुकान के बाहर अवैध रूप से फटाखा बिक्री करते पकड़ा गया। दुकान से तीन कार्टून में रखा विभिन्न प्रकार के फटाखें किमती 80,235 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 9, ख (1) ख विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

(3) चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दिनांक 23.10.2019 को शाम करीब 18:30 बजे पहाड़ मंदिर रोड में पण्डरीपानी के पास मुखबिर सूचना पर नाकेबंदी कर होण्डा एक्टिवा स्कूटी में आते आरोपी बलराम पाण्डेय पिता लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उम्र 23 वर्ष सा. देवारपारा रायगढ ओपी जूटमिल को रोककर चेक किया गया। स्कूटी में रखे बैग से 14 पाव अंग्रेजी शराब Rayal STAG , 20 पाव MCDowells No. 1 एवं तीन King Fisher बाटल बीयर तथा स्कूटी के डिक्की में 250 ग्राम गांजा मिला। आरोपी ने पूछताछ में मादक पदार्थ गांजा व शराब अवैध बिक्री के लिये लेकर आना बताया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम एवं धारा 20 बी एनडीपीएय एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई है।

(4) थाना चक्रधरनगर की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा दिनांक 23.10.2019 के रात्रि करीब 19.50 बजे प्राचीविहार रोड बोदाटिकरा पुलिया की ओर से आरोपी शिव कुम्हार पिता दृष्टी राम कुम्हार उम्र 26 वर्ष निवासी जामटिकरा गढउमरिया चौकी जूटमिल को प्लास्टिक थैला के अंदर सफेद पन्नी में एक - एक लीटर की भरी हुई कच्ची महुआ शराब 10 पन्नी (कुल 10 लीटर) लेकर आते पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1)क, 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

(5) धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 23.10.2019 की रात्रि करीब 22:25 बजे धर्मजयगढ़ पत्थलगांव रोड पर चिकटवानी मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल को नाकेबंदी के दौरान पकड़ा गया। एक बिना नंबर मोटरसाइकिल में आरोपी (1) सागर यादव पिता चंद्रो उम्र 36 वर्ष निवासी सिसरिंगा बाम्हन बहरी थाना धरमजयगढ़ (2) अजय किंडो पिता रामदेव उम्र 25 साल निवासी करमीटिकरा थाना पत्थलगांव को मोटरसाइकिल पर गांजा लाते हुए पकड़ा गया है। आरोपियों से 2 किलो 935 ग्राम गांजा कीमती 20,300 का जप्त किया गया है।

(6) नाकेबंदी दौरान धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा एक अन्य मोटरसाइकिल सीजी 13 के - 8537 में आरोपी (1) धनुर्जय यादव पिता सुदर्शन यादव उम्र 34 वर्ष निवासी बरखुरिया थाना लैलूंगा (2) श्यामलाल खलखो पिता मोहरसाय खलखो 36 वर्ष निवासी सिसरिंगा बाम्हन बहरी थाना धरमजयगढ़ (3) देव कुमार चौहान पिता दयानिधि चौहान उम्र 34 साल बरखुरिया गहनाझरिया थाना लैलूंगा को मोटरसाइकिल को मोटर सायकल में 3 किलो 130 ग्राम गांजा का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया है। जप्?त गांजा की कीमत 21,910 रूपये है। आरोपियों के विरुद्ध थाना धर्मजयगढ़ में पृथक पृथक धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

(7) कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 23.10.2019 को बडे रामपुर तालाब के पास जुआ खेल रहे आरोपी अभिषेक शर्मा उर्फ बिटटू , विनोद शर्मा, करमू सिंह मुण्डा, कन्हैया कुर्मी एवं नफीस अहमद को 52 पत्ती तास व नगदी रकम 2360/-रूपये के साथ पकड़ा गया है।

(8) कोसीर स्टाफ द्वारा में दिनाक 23.10.2019 को ग्राम अण्डोला के खेत मेड पर जुआ खेलते 1. राज भारती 2. राज कुमार लहरे 3. विकास भारती साकिनान अण्डोला तथा 4.ओम प्रकाश बंजारे 5. बैतल कुमार सतनामी 6. प्रभु जांगडे 7. गौतम बंजारे साकिनान दहिदा को घेराबंदी कर पकड़े आरोपियों के पास एवं फड से नगदी रकम 1040 रूपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है।

## अभियान चलाकर 2 दिनों में 41 जुआरी पकड़े गए, गांजा परिवहन व बिक्री करते 9 व्यक्तियों से रू. 50000 का गांजा जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, गांजा बिक्री व परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान में विशेष यह है पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स को भी चेक करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना/चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित सिरप, नशीली इंजेक्शन आदि की जांच विधिवत स्टाक को चेक कर किया जा रहा है।

गत दो दिनों में विशेष अभियान के तहत चलाए गए अभियान में पूरे जिले में जुआ के 9 प्रकरणों में 41 व्यक्तियों से ?23,640 जप्त किया गया है।वहीं गांजा पुडिया बिक्री करते एवं परिवहन करते पाए जाने पर 6 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें 9 व्यक्तियों से 7 किलो 56 ग्राम गांजा की जप्ती। की गई है इनमें रू.49610 के गांजा हैं। 3 प्रकरणों में आरोपियों से गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी, दो मोटरसाइकिल की जब्ती की गई है। इसी प्रकार थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा इन 2 दिनों में 10 लीटर महुआ शराब तथा 34 पाव अंग्रेजी शराब 3 बियर के साथ दो आरोपियों को पकड़ा गया है जिनके विरुद्ध अबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है वहीं इन 2 दिनों में विभिन्न थानों में आबकारी एक्ट के तहत अन्य 15 प्रकरण भी बनाए गए हैं। इसी क्रम में अवैध फटाके दुकानों में बिक्री करते पाए जाने पर चौकी खरसिया पुलिस द्वारा दो दुकानों में रेट कर रू. 130235 का पटाखा दो आरोपियों से जप्त किया गया है जिन पर विस्फोटक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मेडिकल स्टोर्स की जांच एवं लघु अधिनियम पर इस प्रकार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### दाल मिल में काम करते वक्त महिला बेल्ट में फंसी, इलाज के दौरान मौत

रायपुर (आरएनएस)। दाल मिल में काम करने के दौरान बेल्ट में साड़ी फंस जाने से महिला मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो जाने की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नहरपारा कांपा पंडरी निवासी गोदावरी वर्मा 35 वर्ष पति रामेश्वर वर्मा की गोपाल दाल मिल दलदल सिवनी पंडरी में काम करने के दौरान 30 जुलाई को दाल मिल के पट्टा की चपेट में आ जाने के चलते गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए उसे मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं संचालनालय छ.ग.शासन के निर्देशानुसार 25 अक्टूबर धन्वन्तरी जयंती के दिन चतुर्थ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन जिला आयुर्वेद कार्यालय रायगढ़ में मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर प्रातः 6 बजे से आयुर्वेद दौड़-स्वास्थ्य की ओर' का आयोजन आयुर्वेद चिकित्सालय से कमला नेहरू पार्क तक किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी गौरीशंकर पटेल ने बताया कि जिला आयुर्वेद चिकित्सालय रायगढ़ में प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर तथा पूर्वान्ह 11 बजे से आयुर्वेदा फॉर पब्लिक हेल्थ' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा।

निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों जैसे वातब्याधि, श्वास, कास, चर्मरोग, स्त्रीरोग, नेत्ररोग, शिशु रोग आदि जटिल रोगों की आयुष पद्धति से निःशुल्क निदान एवं चिकित्सा की जाएगी। साथ ही ॠतुचर्या, दिनचर्या आदि की जानकारी भी दी जाएगी। कलेक्टर यशवंत कुमार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ ने जिले के जनसामान्य से इस अवसर पर उपस्थित होकर निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

## रियापारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

» 110 मरीजों का किया गया जांच व उपचार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरों के स्लम बस्तियों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से प्रतिमाह स्पेशल आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के निर्देशन में रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 9 रियापारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 मरीजों का जांच कर उपचार किया गया। जिसमें आंख के 5, फिजियोथैरपी के 16, त्वचा के 19, शुगर के 13, उच्च रक्तचाप के 22 और अन्य मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी-खांसी के लगभग 39 मरीजों का इलाज किया गया।

इस अवसर पर वार्ड 9 के पार्षद कमल पटेल, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.काकोली पटनायक, डॉ.नवल पटेल, डॉ.सोनिया स्वर्णकार, फार्मास्टि शाखीराम पटेल, लैब टेक्नॉलॉजिस्ट नीरज यादव व स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ एवं मितानिन शामिल रहे।

## गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर युवा महोत्सव का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनवरी माह में 12 से 16 जनवरी के मध्य युवा सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव के लिए समितियों का गठन किया गया है। समितियों के माध्यम से विकासखण्डों में युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन हेतु शिक्षा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है एवं समस्त कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन एवं आयोजन के पूर्व तैयारी हेतु विकासखण्डों के समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक 30 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से बोईरदादर स्टेडियम, रायगढ़ में आहूत की गई है।

विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हेतु तिथि निर्धारित की गई है जिनमें 1 नवम्बर को विकासखण्ड मुख्यालय पुसौर, 3 नवम्बर को बरमकेला, 5 नवम्बर को रायगढ़, 7 नवम्बर को सारंगढ़, 9 नवम्बर को तमनार, 11 नवम्बर को घरघोड़ा, 13 नवम्बर को लैलूंगा, 14 नवम्बर को धरमजयगढ़ तथा 15 नवम्बर को विकासखण्ड मुख्यालय खरसिया में किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव दो दिवस रायगढ़ स्टेडियम में 23 एवं 24 नवम्बर को होगा।

युवा महोत्सव में 18 विधाओं को शामिल किया गया है, जो जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिनमें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी (हिन्दी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी), शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी शैली), शास्त्रीय गायन (कर्नाटक शैली), सितार वादन (शास्त्रीय वादन), बांसुरी वादन (शास्त्रीय वादन), तबला वादन (शास्त्रीय वादन), वीणा वादन (शास्त्रीय वादन), मृदंगम वादन (शास्त्रीय वादन), हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय एवं पाश्चात्य), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओडिसी (शास्त्रीय नृत्य), भरत नाट्यम (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचिपुड़ी (शास्त्रीय नृत्य), वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) शामिल है। उक्त विधाओं के अतिरिक्त गेड़ी नाचा, राउत नाचा, डंडा नाचा, रॉक बैंड, पारम्परिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, चित्रकला प्रतियोगिता (छ.ग.लोक संस्कृति के आधार पर), क्विज, निबंध को शामिल किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480